प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

पंतनगर। 14 दिसंबर 2022। विश्वविद्यालय में सी.ए.बी.एम. एवं एच.डी.एफ.सी. बैंक रुद्रपुर ने संयुक्त रूप से 'रक्तदान कर जीवन बचाओ' के नारे के साथ सी.ए.बी.एम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान के लिए मेडिसिटी हॉस्पिटल रूद्रपुर ने अपने ब्लड बैंक के तकनीकी कर्मचारियों का सहयोग दिया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलसचिव, डा. एन.एस. जादौन द्वारा किया गया। एचडीएफसी बैंक के अधिष्ठातागण निर्मान भार्गव, राकेश श्रीवास्तव, गिरीश चौफाल, राजेश कुशवाहा ने भी युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर में भाग लेने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सी.ए.बी.एम. के अधिष्ठाता, डा. आर.एस. जादौन द्वारा रक्तदान महादान की प्रासंगिकता, उद्देश्यों, आवश्यकता को समझाते हुए श्रोताओं को अधिक से अधिक रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में सी.ए.बी.एम. के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया। शिविर का सफल संचालन महाविद्यालय की सहायक अध्यापिका, डा. रितिका भट्ट द्वारा किया गया। अधिष्ठाता, डा. आर.एस जादौन द्वारा रक्तदान शिविर का आरंभ किया गया। शिविर में अन्य विद्यालयों के प्राध्यापकों विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान किया गया। इस शिविर में कुल 90 यूनिट रक्तदान का संग्रहण किया गया। साथ ही सीएबीएम के एमबीए के छात्र–छात्राएं आदित्य कुमार, गंगा पांडे, विकास यादव, हितेश पंत, आकाश सागर, विनय कनौजिया, शाहरुख मलिक, रिंकू बुधलाकोटी, कार्तिकेय, सौरव, स्पर्श, काजल, प्रज्ञा, पूजा, कृतिका का शिविर के संपन्न होने में सहयोग रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. एम.एस चौहान ने परिसर के बाहर होने के कारण कुलसचिव को रक्तदान शिविर के उद्घाटन हेतु नामित करते हुए महाविद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।




*कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं महाविद्यालय के अधिकारी।*